पाठ - 25

चटपटी पहेलियाँ

चटपटी पहेलियाँ

Q1. दिये गये पहेलियों के उत्तर बताओ-

(क) कूटी जाती, पीसी जाती,
भोजन तीखा खूब बनाती।
खाने में जो ज्यादा डल गई,
तो फिर मुँह से निकली सी-सी।
आँख-नाक से निकले पानी,
याद दिला दें, सबको नानी।
सोचो, सोचो कौन हूँ मैं,
जल्दी बोलो, कौन हूँ मैं?

(ख) कूटी जाती, पीसी जाती,
खाने में पीला रंग लाती।
तेल में मुझे मिलाकर दादी,
चोट लगे तो झट से लगाती।
सबकी चोट को ठीक कराती,
इसीलिए मैं सबको भाती।
सोचो, सोचो कौन हूँ मैं,
जल्दी बोलो, कौन हूँ मैं?



(ग) काले-काले मोती जैसी,
छोटी-सी पर गोल हैं,
बारीक पिसी या दरदरी,
मैं तीखे स्वाद वाली हैं।
मीठे और नमकीन में,
मैं दोनों में ही डाली जाती हूँ,
सोचो, सोचो कौन हूँ मैं,
जल्दी बोलो, कौन हूँ मैं?

(घ) मैं पतला-सा, पर छोटा हूँ
भूरा भी हूँ, और काला भी हूँ।
गरम घी और तेल में,
मैं खुशबू फैलाता हूँ
दही और जलजीरे में,
भून कर डाला जाता हूँ।
सोचो, सोचो कौन हूँ मैं,
जल्दी बोलो, कौन हूँ मैं?

(ङ) हरे रंग की जीरे जैसी,
ठीक हाजमा रखती

खाने के बाद मुझे खाते,
मैं मुँह का स्वाद बढ़ाती।
सोचो, सोचो कौन हूँ मैं,
जल्दी बोलो, कौन हूँ मैं?



(च) कील जैसी दिखती हूँ,
पर में एक कली हूँ।
चॉकलेटी भूरे रंग की,
पर तेज खुशबू वाली हूँ।
जब दर्द दाँत में होता है,
तो मुझे दाँत में रखते हैं।
सोचो, सोचो कौन हूँ मैं,
जल्दी बोलो कौन हूँ मैं?

उत्तर :

(क) लाल मिर्ची।

(ख) हल्दी।

(ग) काली मिर्च।

(घ) जीरा।।

(ङ) सौंफ।

(च) लौंग।

Q2. किन्हीं दो मसालों के लिए पहेलियाँ बनाओ और अपनी क्लास में पूछो। उन मसालों के चित्र बनाकर नाम भी लिखो।

उत्तर : पहेली-1 छोटी सी लड़की लाल बाई नाम है। पहने वो घाघरा एक रुपये में दस है। खाते ही आँसू आये मुँह में आग जैसा लग जाये नाम मेरा जो नहीं बताये अपने आप मूर्ख बन जाये

- लाल मिर्ची।

पहेली-2 ऊपर से एक हूँ। खोलो तो बीस हूँ मिर्ची नहीं पर तीखा हूँ रंग का मैं फीका हूँ। सब्जी मेरे बिन फीका जीतू दिल हर किसी का नाम बता मैं कौन हूँ बीमारों का मैं फैन हूँ।

- लहसुन

Q3. पता करो-तुम्हारे घर में खाने में कौन-कौन से मसाले काम में लाए जाते हैं। उनकी सूची बनाओ। अपने साथियों की सूची भी देखो।

उत्तर : मेरे घर में उपयोग में आने वाले मसालों की सूची- हल्दी, लहसुन, धनिया, प्याज, जीरा, मिर्ची, काली मिर्च

Q4. अपने दादा-दादी/नाना-नानी से पता करो, जब वे बच्चे थे, तब उनकी रसोई में कौन-कौन से मसाले अधिकतर इस्तेमाल होते थे?

उत्तर : जब मेरे दादा-दादी बच्चे थे तो उनकी रसोई में अधिकतर इस्तेमाल होने वाले मसाले-हल्दी, धनिया, गरम मसाला, लहसुन, प्याज, लाल मिर्च, काली मिर्च, लौंग, जीरा, तथा दालचीनी थे।

Q5. एक ऐसे मसाले का नाम लिखो, जो नमकीन और मीठी–दोनों चीजें में डाला जाता है।

उत्तर : इलायची।

Q6. पता करो, खाने को खट्टा बनाने के लिए उसमें क्या डाला जाता है?

उत्तर : आम की खटाई, दही, सिरका या नींबू। खाने को खट्टा बनाने के लिए उसमें इनमें से कोई एक डाला जाता है।

Q7. पता करो, क्या तुम्हारे इलाके में किसी मसाले के पौधे हैं? उनके नाम लिखो।

उत्तर : हाँ, मेरे इलाके में हल्दी, लहसुन तथा प्याज के पौधे है |

Q8. कक्षा में कुछ साबुत मसालों के थोड़े-से नमूने लाओ। इकड़े किए गए मसालों के नाम तालिका में लिखो। अपनी आँखें बंद करके सभी मसालों को बारी-बारी से छूकर और सँघकर पहचानने की कोशिश करो। जिन्हें तुम पहचान पाते हो, उनके नाम के आगे सही का निशान (✓) लगाओ। न पहचान पाने पर गलत का निशान (✗) लगाओ।

क्र. सं	मसाले का नाम	सूँघकर	छूकर
1.			
2.			
3.			
4.			
5.			

उत्तर :

क्र. सं.	मसाले का नाम	सँघकर	छूकर
1.	मिर्च	✓	✓
2.	अदरख	✓	✓
3.	लहसुन	✓	✓
4.	हल्दी	✓	✓
5.	लौंग	✓	✓

चलो अब बनाएँ, आलू की चटपटी चाट।

Q1. कैसी लगी तुम्हें आलू की चाट?

उत्तर : आलू की चाट मुझे काफी स्वादिष्ट लगी।

Q2. सोचो, अगर चाट में मसाले न डाले होते, तो इसका स्वाद कैसा होता?

उत्तर : यह उतना चटपटा नहीं होता।

Q3. एक तरह की चाट बनाना और सीखो। कक्षा में उसे मिल-बाँट कर खाओ।

उत्तर : स्वयं करो।

Q4. कम मसाले और तेज मसाले वाली चीज खाने से जीभ पर कैसा लगता है?

उत्तर : तेज मसाले वाली चीज खाने पर जीभ पर तीखा तथा ज्यादा चटपटा लगता है। जबकि कम मसाले वाली चीज खाने पर कम चटपटा तथा कम तीखा लगता है।